संख्या-228/एक-11-2020

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं बेसिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखनऊ, ललितपुर, कुशीनगर, महराजगंज,वाराणसी, मुजफ्फरनगर,
शामली, हमीरपुर, महोबा, श्रावस्ती, बहराइच, बदायूं, सोनभद्र,
सहारनपुर, मथुरा एवं अलीगढ।

राजस्व अनुभाग–11 : लखनऊ : दिनांक 06 अप्रैल, 2020

विषयः–कोविड–19 महामारी में राहत कार्यों हेतु एक्शन एड इण्डिया संस्था द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों हेतु राशन पैकेट तथा स्वच्छता सामग्री वितरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया एक्शन एड इण्डिया संस्था के पत्र दिनांक 06.04.2020 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश के निम्नलिखित जनपदों में तालिकानुसार 15,000 परिवारों को राशन पैकेट तथा स्वच्छता सामग्री (10 किलो आटा, 05 किलो चावल, 05 किलो दाल, 01 किलो तेल, 01 किलो चीनी, 250ग्राम हल्दी, 250ग्राम मिर्च, 250ग्राम धनिया, 01 किलो नमक, 03 साबुन) का वितरण उनके जनपदीय सहयोगी संस्थाओं/समन्वयकों/स्वयंसेवकों द्वारा किये जाने का प्रस्ताव किया गया है:–

क0सं0	जनपद	ग्राम/वार्ड	कुल परिवारों की संख्या
1.	लखनऊ	110	5000 एवं 1000 लोगों के लिए प्रतिदिन पका हुआ खाना
2.	ललितपुर	40	1000
3.	कुशीनगर	40	1000
4.	महराजगंज	40	1000
5.	वाराणसी	20	1000 एवं 200 लोगों के लिए प्रतिदिन पका हुआ खाना
6.	मुजफ्फरनगर	60	1200
7.	शामली	40	1000
8.	हमीरपुर	40	1000
9.	महोबा	40	1000
10.	श्रावस्ती	50	500
11.	बहराईच	50	500
12.	बदायूं	50	300
13.	सोनभद्र	50	200

Scanned with CamScanner

14.	सहारनपुर	40	300
15.	मथुरा	05	150
16	अलीगढ	05	150

उपरोक्तानुसार कृपया अपने जनपदों के सम्बन्धित एक्शन एड इण्डिया के सहयोगी संस्थाओं/समन्वयकों/ स्वयंसेवकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए चिन्हांकित परिवारों को उक्त सामग्री वितरण हेतु सहयोग प्रदान कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव

पत्र संख्या–228(1)/एक–11–2020/2019–20, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, गृह/कारागार/राजस्व, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
5. सम्बन्धित मण्डलायुक्त/पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।
6. श्री खालिद चौधरी, सह निदेशक, एक्शन एड इण्डिया, 3/237, विनय खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
7. एकीकृत आपदा प्रबंधन डेटा सेन्टर, राहत आयुक्त कार्यालय, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाईल।

(संजय गोयल)
सचिव

Scanned with CamScanner